**प्रेस नोट**

**दिनांक 12.04.2025**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना को0 नगर व थाना खरगूपुर मे की गयी जनसुनवाई, जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देशः-**

गोण्डा। आज दिनांक 12.04.2025 को थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा थाना को0 नगर व थाना खरगूपुर में जनसुनवाई की गयी। महोदय द्वारा जनता की जनसमस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना को0 नगर में जनसुनवाई के दौरान 06 शिकायती प्रार्थना व थाना खरगूपुर में 17 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया है। इसी प्रकार समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र के थानों पर व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा अपने अपने थानों पर समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया।
**इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।**

**मीडिया सेल, गोण्डा**

**प्रेस नोट**

**दिनांक 12.04.2025**

**थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा 02 दहेज हत्याभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार-**

**कार्यवाही-**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनकापुर राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-76/25, धारा 85,80(2) बीएनएस से सम्बन्धित 02 आरोपी अभियुक्तों-01. संजय कसौधन पुत्र घिसियावन कसौधन, 02. घिसियावन कसौधन पुत्र बृजराज निवासीगण ग्राम इटवा खुर्द थाना खोड़ारे जनपद गोण्डा को तरैनी चंपानगर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 11.04.2025 को वादी विपिन कुमार पुत्र पति राज गुप्ता निवासी कठेला बाजार जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा थाना खोड़ारे मे लिखित तहरीर दी गयी कि उनकी बहन की शादी 04 वर्ष पूर्व ग्राम इटवा खुर्द थाना खोड़ारे के रहने वाले संजय कसौधन पुत्र घिसियावन कसौधन के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही मेरी बहन को उसके पति व उसके परिजनों द्वारा दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था तथा दिनांक 11.04.2025 को मेरी बहन को जान से मार दिया है। वादी की तहरीर पर थाना खोड़ारे में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। आज दिनांक 12.04.2025 को विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्य संकलन के आधार पर दोषी पाए गए आरोपी अभियुक्तगण संजय कसौधन पुत्र घिसियावन कसौधन, 02. घिसियावन कसौधन पुत्र बृजराज को तरैनी चंपानगर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

01.संजय कसौधन पुत्र घिसियावन कसौधन नि0 ग्राम इटवा खुर्द थाना खोड़ारे जनपद।02. घिसियावन कसौधन पुत्र बृजराज नि0 ग्राम इटवा खुर्द थाना खोड़ारे जनपद।

**पंजीकृत अभियोग-**

01.मु0अ0सं0-76/25, धारा 85,80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट थाना खोड़ारे जनपद गोण्डा।

**बरामदगी-**

01 अदद दुपट्टा

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. उ0नि0 चंद्रशेखर यादव।

02. हेड का0 सुरेंद्रनाथ।

02. का0 देवेंद्र यादव।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**

**दिनांक 12.04.2025**

**थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 किलो 260 ग्राम नाजायज गांजा बरामद-**

**कार्यवाहीः-**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में खरगूपुर पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्कर  मनीष कुमार पुत्र परशुराम करी निवासी भवानी खुर्द थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा को ग्राम देवतहा जाने वाली रोड़ के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 किलो 260 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

आज दिनांक 12.04.2025 को थाना खरगुपुर के उ0नि0 शेषनाथ पाण्डेय मय हमराह के साथ शांति व्यवस्था हेतु क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे कि ग्राम देवतहा जाने वाली सड़क पर एक व्यक्ति संदिग्ध दिखने पर रोक टोक कर चेक किया गया तो अभियुक्त मनीष कुमार पुत्र परशुराम के कब्जे से 01 किलो 260 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ। अभियुक्त के विरूद्ध थाना खरगूपुर में गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

01. मनीष कुमार पुत्र परशुराम निवासी भवानी खुर्द थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0-69/2025, धारा 8/20 एनडीपीएस ऐक्ट थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।

**बरामदगी-**

01. 01 किलो 260 ग्राम नाजायज गांजा।

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. उ0नि0 शेषनाथ पांडे।

02. उ0नि0 छविलाल यादव।

02. हे0का0 पप्पू सिंह।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**

**दिनांक 12.04.2025**

**थाना को0 देहात पुलिस द्वारा चोरी करने के 02 आरोपी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का माल बरामद-**

**कार्यवाहीः-**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना को0 देहात पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-149/25, धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण- 01. अखंड प्रताप सिंह पुत्र बृजेंद्र नि0 विशुनपुर बैरिया थाना को0 देहात जनपद गोण्डा, 02. अर्जुन कुमार पुत्र नंद कुमार नि0 सालपुर थाना को0 देहात जनपद गोण्डा को चौबेपुर सालपुर पड़रीकृपाल नहर से गिरफ्तार कर उनके कब्जे व निशानदेही से 01 अदद इनवर्टर, 01 अदद बैटरा, 01 अदद इलेक्ट्रिक मोटर व घटना में प्रयुक्त एक अदद पल्सर मोटरसाइकिल को बरामद किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 10.04.2025 को वादी श्रेयस्कर देव सिंह पुत्र स्व0 यश यशकर देव सिंह नि0 विशुनपुर बैरिया थाना को0 देहात जनपद गोण्डा द्वारा थाना को0 देहात में लिखित तहरीर दी गयी कि अखंड प्रताप सिंह द्वारा अपने साथी अभियुक्त के साथ मिलकर मेरे खेत में लगा इलेक्ट्रिक मोटर व बगल के वाई0डी0 सिंह फार्मेसी कॉलेज से पंखा, सिलेंडर आदि सामान चोरी किया गया है। वादी की तहरीर पर थाना को0 देहात में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसमें आज दिनांक 12.04.2025 को थाना को0 देहात पुलिस द्वारा चोरी करने के 02 आरोपी अभियुक्तों 01. अखंड प्रताप सिंह पुत्र बृजेंद्र नि0 विशुनपुर बैरिया थाना को0 देहात जनपद गोण्डा, 02. अर्जुन कुमार पुत्र नंद कुमार नि0 सालपुर थाना को0 देहात जनपद गोण्डा को चौबेपुर सालपुर पड़रीकृपाल नहर से गिरफ्तार कर उनके कब्जे व निशानदेही से 01 अदद इनवर्टर, 01 अदद बैटरा, 01 अदद इलेक्ट्रिक मोटर व घटना में प्रयुक्त एक अदद पल्सर मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना को0 देहात पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

01. अखंड प्रताप सिंह पुत्र बृजेंद्र नि0 विशुनपुर बैरिया थाना को0 देहात जनपद गोण्डा।

02. अर्जुन कुमार पुत्र नंद कुमार नि0 सालपुर थाना को0 देहात जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0-149/25, धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना को0 देहात जनपद गोण्डा।

**बरामदगी-**

01. 01 अदद इनवर्टर,

02. 01 अदद बैटरा,

03. 01 अदद इलेक्ट्रिक मोटर।

04. घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल।

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. उ0नि0 योगेन्द्र सिंह।

02. हेड का0 छोटेलाल जायसवाल।

03. हेड का0 हरिशंकर यादव

04. का0 जागेश्वर गौड़।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**

**दिनांक 12.04.2025**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी लाइन द्वारा सेंट जेवियर्स हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं को आत्म-निर्भर, सशक्त और समाज में समान अधिकार दिलाने हेतु एन्टीरोमियों स्क्वायड टीम द्वारा मनचलों/शोहदों के विरूद्ध फीडबैक फार्म भरवाकर जारी किए जा रहे रेडकार्ड के सम्बन्ध में दी गयी जानकारी-**

गोण्डा। आज दिनांक 12.04.2025 को क्षेत्राधिकारी लाइन उदित नारायन पालीवाल द्वारा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के तहत महिला सम्बन्धी अपराधों की घटनाओं को न्यूनतम स्तर पर लाने तथा आध्यात्मिक, शारीरिक या मानसिक स्तर पर महिलाओं/छात्राओं में आत्मविश्वास पैदा कर उन्हे सशक्त बनाने की दिशा में सेंट जेवियर्स हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं को आत्म-निर्भर, सशक्त और समाज में समान अधिकार दिलाने हेतु एन्टीरोमियों स्क्वायड टीम द्वारा मनचलों/शोहदों के विरूद्ध फीडबैक फार्म भरवाकर जारी किए जा रहे रेडकार्ड के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। क्षेत्राधिकारी लाइन द्वारा छात्राओं को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जाससमवाल द्वारा चैत्र नवरात्रि के अवसर पर महिलाओं को आत्म-निर्भर, सशक्त और समाज में समान अधिकार दिलाने हेतु तथा मिशन शक्ति टीम को और अधिक प्रभावी

बनाने हेतु अभिनव प्रयोग किया गया है। जिसके तहत अब सभी एन्टी रोमियों स्क्वायड टीम स्कूल कॉलेजों में जा कर, वहां के प्रधानाचार्य के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा फीडबैक फॉर्म को छात्राओं के बीच वितरित करा के उनके बहुमूल्य सुझाव लिए जा रहे है। जिससे ऐसे स्थानों जहाँ पर शोहदों का जमावड़ा रहता है चिन्हित करने में मदद मिल रही है। फीडबैक से प्राप्त सुझावों के आधार पर चिन्हित समय व स्थानों पर एन्टी रोमियो स्क्वाड की सक्रियता बढायी गयी है। छात्राओं द्वारा अपने फीडबैक में दिये गए सभी बिंदुओं को थानावार चिन्हित कर उनकी मैपिंग की जा रही है। जिससे सभी टीमों को शोहदों/मनचलो द्वारा छात्राओ/महिलाओं के विरूद्ध छींटाकशी/अपमानजनक टिप्पणी किये जाने वाले स्थानों की व्यापक जानकारी हो रही है। चिन्हित स्थानों पर पुलिस की एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम मनचलो को पकड़ कर रेड कार्ड दे रही है। अंतिम चेतावनी स्वरूप निर्गत रेड कार्ड पाने वाले शोहदे दुबारा इस तरह की हरकत करते पाये गये तो पुलिस द्वारा उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करेंगी। छात्राओं/महिलाओं से फीडबैक प्राप्त करने का पुलिस का उद्देश्य यह है कि हम उन स्थानों को चिन्हित कर सके जहां मनचले लड़को का जामावड़ा लगा रहता है। शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति में बालिकाओं और महिलाओं की सीधी भागीदारी बढ़ाने की दिशा में गोण्डा पुलिस द्वारा ये पहल की जा रही है। तत्पचात एण्टीरोमियों टीम द्वारा छात्राओं को फीडबैक फार्म वितरित कराकर उनके बहुमूल्य सुक्षाव लिए गए तथा छात्राओं से प्राप्त फीडबैक के आधार पर चिन्हित स्थानों की मैपिंग करायी गयी। *उक्त अभियान के क्रम में आज दिनांक 12.04.2025 को सभी एंटी रोमियो स्क्वाड द्वारा स्कूल/कालेजों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पंहुचकर छात्राओं/महिलाओं से करीब 1085 फीडबैक फार्म प्राप्त कर सुझाव लिए गए। प्राप्त सुझावों के आधार पर जनपद में 61 स्थानों को चिन्हित कर मैपिंग करायी गयी तथा 09 मनचलों/शोहदों के विरुद्ध रेडकार्ड जारी किया गया।

**इस अवसर पर एण्टी रोमियों टीम प्रभारी म0उ0नि0 पूजा वर्मा सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहें।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**